# राजस्थान GK

## राज्य की सिंचाई परियोजनाएं

## महत्वपूर्ण नोट्स

www.rajasthanclasses.in



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

**राजस्थान क्लासेज**

Download More PDF....

परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न

# राजस्थान GK

PDF DOWNLOAD

महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण प्रश्न

# CET 2022

# राजस्थान GK

परीक्षा संभावित प्रश्न

लाइव क्लासेज
सभी प्रश्नोत्तरी PDF
Click Here डाउनलोड

राजस्थान GK नोट्स
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण नोट्स
सम्पूर्ण PDF
Click Here डाउनलोड

# राजस्थान में सिंचाई परियोजनाएं

# फ्री नोट्स- राजस्थान क्लासेज

## गंग नहर

◆ महाराजा गंगासिंहजी,जिन्हें बीकानेर का भागीरथ भी कहा जाता है ,1927 ई. में गंगनहर का निर्माण करवाया था । इसे बीकानेर नहर के नाम से भी जाना जाता है ।

www.rajasthanclasses.in

◆ गंगनहर शहर का अभियंता कँवरसेन है, जो पद्मश्री से अलंकृत राजस्थान के प्रथम व्यक्ति हैं ।

- यह नहर पंजाब राज्य में सतलज नदी से फिरोजपुर के समीप हुसैनवाल से निकाली गई है ।

- गंग नहर की कुल लंबाई 292 किलोमीटर है ।

- यह नहर पंजाब राज्य में बहती हुई गंगानगर के खक्खां में प्रवेश करती है ।

- गंग नहर की प्रमुख शाखाएं करणजी, लालगढ़, समिजा, व लक्ष्मीनारायण जी है ।

- यह नहर गंगानगर को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाती है ।

## गंगनहर लिंक चैनल

◆ गंगनहर लिंक चैनल सतलज नदी से **लोहागढ़ (हरियाणा)** से निकाली गई है ।

◆ इसकी पूर्ण लंबाई 80 किलोमीटर है , निर्माण 1980 में किया गया ।

◆ गंगनहर लिंक चैनल को साधुवाली के निकट गंग नहर में जोड़ा गया है ।

## भरतपुर नहर

◆ भरतपुर नहर का उद्घाटन 1960 में हुआ तथा निर्माण कार्य 1963-64 में पूर्ण हुआ था ।

◆ यह राजस्थान व उत्तर प्रदेश की संयुक्त परियोजना है । पश्चिम यमुना से निकलने वाली आगरा नहर से निकाली गई है ।

◆ इस नहर की कुल लंबाई 28 किलोमीटर है तथा यह राजस्थान के पूर्वी भाग को सींचित करती है ।

## गुड़गांव नहर

◆ गुड़गांव नहर का निर्माण कार्य सन् 1966 में प्रारंभ हुआ तथा 1985 में पूर्ण हो गया । यह राजस्थान व हरियाणा की संयुक्त परियोजना है ।

◆ इस नहर का उद्गम स्थल ओखला के निकट हरियाणा में यमुना नदी से है ।

◆ इस नहर से भरतपुर जिले की डींग व कामाँ तहसील में सिंचाई होती है ।

◆ गुड़गांव नहर को यमुना लिंक नहर परियोजना के नाम से भी जाना जाता है ।

## इंदिरा गांधी नहर

- इंदिरा गांधी नहर को राजस्थान की मरूगंगा, राजस्थान नहर ,मरुस्थल की जीवन रेखा के नाम से भी जाना जाता है ।

- इस नहर का श्रीगणेश 31 मार्च 1958 को प्रारंभ हुआ जिसका उद्घाटन तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री गोविंद वल्लभ पंत के द्वारा किया गया ।

- प्रारम्भ में इस परियोजना का नाम राजस्थान नहर था, परंतु 2 नवंबर 1984 में इंदिरा गांधी के नाम पर 'इंदिरा गांधी नहर' नाम रख दिया गया ।

Wisit Website

www.rajasthanclasses.in



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

राजस्थान क्लासेज

◆ इंदिरा गांधी नहर का उद्गम स्थल 'हरिके बैराज' पंजाब में फिरोजपुर के निकट (सतलज व व्यास)से है तथा अंतिम बिंदु गडरा रोड, बाड़मेर है ।

◆ इंदिरा गांधी नहर विश्व की सबसे बड़ी कृत्रिम परियोजना है ,जिसकी कुल लंबाई 649 किलोमीटर है ।

◆ इस नहर के ऊपरी भाग की चौड़ाई 67 मीटर, फीडर के तले की चौड़ाई 36 मीटर ,शीर्ष पर फीडर की गहराई 6.4 मीटर है । इंदिरा गांधी नहर में 7 लिफ्ट नहरें हैं ।

◆ सबसे लंबी लिफ्ट नहर कंवरसेन लिफ्ट नहर( 151.64 ) है ।

◆ इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य के लिए वन सेना गठित की गई है ।

◆ नहर के दोनों तरफ वृक्षारोपण करके रेत के प्रसार को रोकने के लिए(CAZRI) काजरी ने व्यापक कदम उठाया है ।

◆ हनुमानगढ़ में सेमग्रस्त भूभाग में जल निकासी के लिए नीदरलैंड के आर्थिक सहयोग से 'इंडो-डच- जल निकासी परियोजना' चलाई जा रही है । इसके निवारण के लिए जिप्सम का प्रयोग किया जा रहा है ।

◆ वनारोपण व चारागाह विकास कार्यक्रम जापान की (OECF) संस्था के आर्थिक सहयोग से चलाया गया ।

◆ इस नहर से उर्जा उत्पादन केंद्र पूँगल ,बीसलपुर, चारणवाला है ।

## चंबल नदी घाटी परियोजना

◆ चंबल नदी घाटी परियोजना मध्यप्रदेश व राजस्थान की संयुक्त परियोजना है तथा दोनों राज्यों का हिस्सा बराबर- बराबर है ।

◆ चंबल नदी राजस्थान की सबसे लंबी नदी है ।

◆ सन् 1960 तक प्रथम चरण का कार्य पूरा किया गया, जिसके अंतर्गत गांधी सागर बाँध व कोटा बैराज बाँध व सिंचाई नहरों का निर्माण किया गया ।

◆ मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले की भानपुर तहसील में 1960 में गांधी सागर बाँध बनाया गया ,जो 62 मीटर ऊँचा व 510 मीटर लंबा है ।

- **गाँधी सागर बाँध** से दो नहरें निकाली गई है – दायीं नहर व बायीं नहर । दायीं नहर राजस्थान और मध्य प्रदेश में सिंचाई करती है , जो बूंदी में अरावली के समांतर बढ़ती हुई मेजा नदी में विलुप्त हो जाती है ।

- **कोटा बैराज** का निर्माण कोटा नगर के निकट चंबल नदी पर 1954 में किया गया । कोटा बैराज से दाएं और बाएं दो मुख्य नहर निकाली गई है ।

- **राणा प्रताप सागर बाँध** का निर्माण चंबल नदी पर चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा नामक स्थान पर किया गया । इस बांध का निर्माण 1970 में पूरा हो गया ।

- कनाडा के सहयोग से राणा प्रताप सागर बाँध पर परमाणु बिजलीघर की स्थापना की गई ।

◆ **जवाहर सागर बाँध** कोटा बैराज से 16 किलोमीटर दूर बोरावास गांव के निकट है तथा राणा प्रताप सागर बाँध से 33 किलोमीटर दूर है । यह एक पिक- अप बाँध है ।

## भाखड़ा नाँगल परियोजना

◆ यह परियोजना राजस्थान, हरियाणा और पंजाब की संयुक्त परियोजना है ,जो देश की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है ।

◆ इस परियोजना से राज्य को 15.2% पानी प्राप्त होता है ।

सामान्य विज्ञान
वस्तुनिष्ठ प्रश्न
Click Here

भारत GK
◆ प्रश्नोत्तरी ◆ नोट्स
सम्पूर्ण PDF
Click Here डाउनलोड

◆ 1909 में पंजाब के तत्कालीन गर्वनर लुइसडेन ने सतलज नदी पर बाँध बनाने का विचार प्रकट किया , परंतु परियोजना का निर्माण कार्य स्वतंत्रता के पश्चात 1947 में प्रारंभ किया गया तथा 1963 में राष्ट्र को समर्पित किया गया ।

◆ पंजाब राज्य के होशियारपुर जिले में सतलज नदी पर भाखड़ा बांध का निर्माण किया गया जो 226 मीटर ऊँचा व 518 मीटर लंबा है । यह भारत का सबसे ऊंचा बांध है ।

◆ भाखड़ा बाँध के जलाशय को '**गोविंद सागर झील**' का नाम दिया गया है ,जो भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील है ।

◆ भाखड़ा बाँध के निर्माण कार्य को देखकर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे 'चमत्कारी विराट वस्तु' की संज्ञा दी ।

◆ सतलज नदी पर ही भाखड़ा बाँध से 12 किलोमीटर नीचे नाँगल नामक स्थान पर नाँगल बाँध बनाया गया है ।

◆ भाखड़ा नांगल परियोजना से सर्वाधिक सिंचाई हनुमानगढ़ जिले में होती है तथा चुरू, गंगानगर, हनुमानगढ़ ,सीकर ,झुंझुनूं व बीकानेर जिलों को विद्युत प्राप्त होती है ।

## व्यास परियोजना

◆ यह परियोजना राजस्थान, पंजाब ,हरियाणा की संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना है ।

◆ इस परियोजना में सतलज, रावी, व्यास नदियों के जल का उपयोग होता है ।

◆ व्यास नदी पर हिमाचल प्रदेश में 2 बांध – पंडोह बाँध व पोंग बाँध बनाए गए हैं ।

◆ पोंग बाँध का मुख्य उद्देश्य इंदिरा गांधी परियोजना को जलापूर्ति करना है ।

◆ रावी- व्यास नदी जल विवाद के लिए 1986 में इराडी़ आयोग की स्थापना की गई ।

Wisit Website

www.rajasthanclasses.in



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

राजस्थान क्लासेज

**माही बजाज सागर परियोजना**

- माही परियोजना गुजरात व राजस्थान की संयुक्त परियोजना है । इस परियोजना का कार्य प्रारम्भ 1959-60 में हुआ ।

- यह एक जल विद्युत परियोजना भी है ।

- माही नदी पर बांसवाड़ा के निकट बोरखेड़ा गांव में माही बजाज सागर बाँध तथा गुजरात में कड़ाना बाँध बनाया गया है ।

- माही बजाज सागर परियोजना का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया था ।

- इस परियोजना से बांसवाड़ा जिले के आदिवासी क्षेत्रों को लाभ पहुंच रहा है ।

## नर्मदा परियोजना

◆ यह परियोजना मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र की संयुक्त परियोजना है ।

◆ इस जल के उपयोग हेतु सरदार सरोवर बाँध (गुजरात) से नर्मदा नहर निकाली गई है । नर्मदा नहर का पानी राजस्थान के जालौर जिले के सांचौर तहसील के सीलू गांव में प्रवेश करती है ।

◆ इस परियोजना से जालोर के सांचौर तहसील तथा बाड़मेर में सिंचाई होगी ।

## जवाई बाँध परियोजना

◆ जोधपुर रियासत के महाराजा उम्मेद सिंह ने इस बाँध का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया, लेकिन निर्माण कार्य 1956 में पूर्ण हुआ ।

◆ एडगर व फर्गुसन की देखरेख में इस बाँध का निर्माण पूरा हुआ ।

◆ जवाई बाँध को मारवाड़ का अमृत सरोवर बाँध भी कहते हैं । यह बाँध पाली व जालौर में सिंचाई व पेयजल की आपूर्ति करता है तथा जोधपुर को पेयजल की आपूर्ति करता है ।

## सेई परियोजना

◆ जवाई बाँध में पानी की कमी को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने सेई परियोजना का निर्माण उदयपुर जिले के कोटड़ा तहसील में करवाया है ।

## ओराई परियोजना

◆ ओराई बाँध चित्तौड़गढ़ बूँदी सड़क मार्ग पर भोलापूरा गांव के निकट बनाया गया है । इससे चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा जिले को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है ।

## जाखम परियोजना

◆ 1962 में जाखम परियोजना का प्रारंभ जाखम नदी प्रतापगढ़ जिले के अनूपगढ़ गांव के निकट जाखम बांध बनाकर किया गया ।

◆ इस बांध का उद्देश्य प्रतापगढ़ और धरियाबाद तहसीलों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाना है ।

## सिद्धमुख नोहर सिंचाई परियोजना

- इस परियोजना में रावी तथा व्यास नदियों की अतिरिक्त जल का उपयोग किया जा रहा है ।

- इस परियोजना से हनुमानगढ़ जिले की नोहर व भादरा तथा चुरू जिले की राजगढ़ व तारानगर तहसीलों को जल प्राप्त होता है ।

- यह योजना यूरोपीय आर्थिक समुदाय के आर्थिक सहयोग से प्रारंभ की गई है ।

- इस परियोजना का शिलान्यास स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा 4 अक्टूबर 1989 को भिरानी गांव के समीप किया गया ।

- वर्तमान में इस परियोजना का नाम बदलकर राजीव गांधी नहर परियोजना कर दिया गया है ।

## बीसलपुर परियोजना

◆ बनास नदी पर टोंक जिले में टोडारायसिंह कस्बे से 13 किलोमीटर दूर बीसलपुर नामक स्थान पर बीसलपुर बाँध बनाया गया है ।

◆ इस बाँध का उद्देश्य टोंक ,जयपुर ,अजमेर, ब्यावर, किशनगढ़ ,नसीराबाद, केकड़ी ,सरवाड़ को पेयजल की आपूर्ति करवाना है ।

◆ बीसलपुर परियोजना के लिए नाबार्ड के ग्रामीण आधार ढाँचा विकास कोष के आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है ।

◆ इस परियोजना से जयपुर शहर को भी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है जिसके लिए टोंक के सूरजपुरा से सांगानेर- जयपुर के बालावाला ग्राम तक पाइप लाइन डाली गई है।

◆ इस बाँध के पानी के विवाद को लेकर सोयला कांड (2005) में कुछ लोग मारे गए थे।

**पाँचना परियोजना**

◆ गुड़ला गांव (करौली) के समीप गंभीरी नदी पर पाँचना बाँध बनाया गया है।

◆ 1979-80 पाँचना बांध का निर्माण कार्य गंभीरी नदी की 5 सहायक नदियों अटा, माची, बरखेड़ा ,भद्रावती, भैसावट के संगम पर सिंचाई के लिए 1 किलोमीटर लंबा मिट्टी का बांध बनाया गया है ।

◆ पाँचना बाँध की पूर्ण भराव की दशा में करौली शहर को डूबने से बचाने हेतु चूलीदेह परियोजना बनाई गई है ।

◆ यह राजस्थान का सबसे बड़ा मिट्टी का बांध है, जो अमेरिका के सहयोग से बनाया गया है ।

## सोम- कमला- अंबा सिंचाई परियोजना

- यह बाँध डूँगरपुर में सोन नदी पर बनाया गया है ।

- बाँगड़ क्षेत्र जनजाति क्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए परियोजना महत्वपूर्ण है । मुख्य उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में सिंचाई उपलब्ध करवाना है ।

भारत सामान्य ज्ञान

महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ

फ्री डाउनलोड करें

क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान

वन लाइनर प्रश्न-उत्तर

500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions




RAJASTHAN CET
सामान्य हिन्दी
Download Now

# सामान्य ज्ञान
## 5100+ प्रश्न

# कम्प्यूटर ज्ञान
## E-Book
~~149/~~ - Free Now

राजस्थान GK
LIVE CLASS PDF
DAILY UPDATE

सम्पूर्ण नोट्स PDF
विषयवार ई-बुक
सभी PDF यहां से डाउनलोड करें